# U. S. OSTWAL INTERNATIONAL SCHOOL

**OSTWAL WONDER CITY, BOISAR (E)**

**Term –I (2023-24)**

**Name :________________________________** **Date: / /23**

**Grade : VI** **Max Marks: 80**

**Subject: Hindi** **Time:- 2.5Hrs**

**Roll no:____________**

**General Instructions:**

- **All questions are compulsory**
- **Do not write the questions. Directly write the answers.**
- **Write the paper neatly. Reading time 15 minutes.**

**Section 1 (40)**

**प्रश्न.1 किसी एक विषय पर 200 शब्दों में निबंध लिखें।** **(7)**

स्वतंत्रता दिवस **(अथवा)** पर्यावरण प्रदूषण

**प्रश्न.2 नीचे दिए किसी एक विषय पर संवाद लिखिए।** **(7)**

1. मां और बेटी के बीच संवाद

**(अथवा)**

2. दो सखियों के बीच संवाद

**प्रश्न.3 सिर के तेल के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।** **(7)**

**प्रश्न.4 नीचे दिए गये गद्यांशो को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(5)**

हँसी भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है। जीवन की सबसे प्यारी और उत्तम से उत्तम वस्तु है हँसी। पुराने लोग कह गए हैं- हँसो और पेट फुलाओ। जितना भी अधिक आनंद से हँसोगे, उतनी ही आयु बढ़ेगी। एक यूनानी विद्वान कहते हैं कि सदा अपने कार्यों को सीखनेवाला हेरीक्लोस बहुत कम जिया, पर प्रसन्न मन डेमाक्रीप्स 109 वर्ष तक जिया। हँसी-खुशी का नाम जीवन है। जो रोते हैं, उनका जीवन व्यर्थ है। कवि कहता है-'जिंदगी जिंदादिली का नाम है, मुर्दा दिल क्या खाक जिया करते हैं।' हँसी शरीर और मन दोनों को प्रसन्न रखती है। हँसी पाचन शक्ति और रक्त को बढ़ाती हैं, साथ ही अधिक पसीना लाती है। हँसी एक शक्तिशाली दवा है जो स्वभाव को अच्छा करती है और बुद्धि को निर्मल करती है।

(क) हँसी भीतरी आनंद को कैसे प्रकट करती है?

(ख) हेरीक्लोस और डेमोक्रीप्स के उदाहरण से लेखक क्या बताना चाहता है?

(ग) हँसने से क्या-क्या लाभ होते हैं?

(घ) पुराने समय के लोगों ने हंसी के बारे में क्या कहा है?

(ङ) **नया** का विलोम गद्यांश से ढूंढ कर लिखें।

**प्रश्न 5. नीचे दिए अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें।** **(5)**

बढ़े चलो बढ़े चलो
वीर तुम बढ़े चलो
न हाथ एक शस्त्र हो,
न साथ एक अस्त्र हो,
न अन्न नीर वस्त्र हो।
हटो नहीं डटो वहीं
बढ़े चलो बढ़े चलो
रहे समक्ष हिमशिखर
तुम्हारा प्रण उठे निखर
भले ही तन जाए बिखर
रुको नहीं झुको नहीं
बढ़े चलो बढ़े चलो।

(क) कवि के अनुसार सच्चा वीर कौन होता है?
(ख) कवि वीरों को क्या प्रेरणा दे रहा है?
(ग) 'वीर बालक' शब्द में से विशेषण और विशेष्य छाँटकर लिखिए।
(घ) **वीर, धीर** का विलोम शब्द लिखिए।

**प्रश्न 6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:-** **(8)**

I)निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही चार शब्दों के विलोम लिखिए:

दोष,प्रकाश,हार,मित्र,आरोह,रात,फूल, आकाश, खुशी

II)निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिये:-

अंधकार, आंख , आनंद, किरण

III)निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए।

प्रतिदिन होने वाला उपकार करने वाला

IV) नीचे दिए पुनरुक्त शब्दों की सहायता से वाक्य पूरे कीजिए।

(पीछे-पीछे, सुबह-सुबह, तरह-तरह, सुनते-सुनते)

१.नेहा लोरी___ सो गई।
२. तुम्हारी______कक्षा लगेगी।
३. सीताराम के___ चलने लगी।
४. बगीचे मे_____के फूल खिले थे।

## Section 2 (40)

**प्रश्न 1.नीचे दिए पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

आज स्कूल से लौटते समय मेरा ध्यान मेरी ही हम उम्र की एक लडकी पर गया जो सडक किनारे पत्थरों से खेल रही थी। अक्सर उस तरफ़ से निकलते समय सभी का हाथ बरबस ही नाक पर चला जाता था।क्योंकि पास में बना कूडा घर हवा में अजीब-सी बदबू फैला देता था लेकिन उसके पास ही मज़दूरों की बस्ती में रहने वाले लोग उस गंदगी को सहन भी कर रहे थे और अपना जीवन-निर्वाह भी कर रहे थे। इसी बस्ती की एक लडकी अक्सर मुझे पेड के नीचे खेलती नज़र आती थी।

आज मेरी नज़र उसकी नज़र से टकराई तो उसके चेहरे पर एक हल्की-सी मुसकान आ गई। मैंने झेंपते हुए अपनी नज़रें घुमा ली और कंधे पर बैग का बोझ उठाए घर की तरफ़ कदम बढाने लगी। उसने पीछे से मुझे आवाज़ लगाई-" दीदी ! " मैंने पलटकर हैरानी से देखा- "पहचाना, मैं कमला की बेटी नीलू हूं।" मैं हैरानी से
उसे घूरने लगी- 'हाँ, ये तो कमला जैसी ही लग रही है।'मै मन-ही-मन सोचने लगी। लेकिन इसने मुझे पहचाना कैसे? मैंने पूछा-"पर तुमने मुझे कब देखा, मैंतो तुम्हें नही पहचानी।

1. स्कूल के पास सडक किनारे लडकी किससे खेल रही थी? (1)
2. कूडा घर के पास किसकी बस्ती थी? (1)
3. नीलू किसकी बेटी थी? (1)
4. **खुश्बू** का विलोम गद्यांश से ढूंढ कर लिखें। (1)
5. पत्थर का एक पर्यायवाची शब्द लिखे। (1)

**प्रश्न 2.मूल्यपरक प्रश्न -** **(6)**

क) दया दिखाना और भिक्षा देना दो अलग-अलग बातें हैं अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।
ख) वीरों की कहानी से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?

**प्रश्न 3. नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(3)**

क) राजा कहां खड़ा हो गया था?
ख) राजा को जंगल में कौन मिला?
ग) कवि ओस कणों का क्या करना चाहता है?

**प्रश्न 4. किसने कहा?** **(4)**

क) आप मुझे अपनी पुरानी किताबें दे दो?

ख) हां और क्या तभी तो लेटी हूं।

ग) अरे! मेरा लंच देना मुझे देर हो रही हैं।

घ) मैं राजा का वनरक्षक पुंडरिक हूं।

**प्रश्न 5. नीचे दिए पद्यांश की पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए।** **(3)**

कौन रात में गूथ गया है
ये उज्जवल हीरों की कड़ियां?

**प्रश्न 6. नीचे दिए लिखित प्रश्नों में किसी तीन प्रश्नो का उत्तर दीजिए।** **(6)**

**क)** राजा ने वनरक्षक पर क्या आरोप लगाया?

**ख)** पंडित शादीराम क्यों परेशान थे?

**ग)** नीलू की क्या इच्छा करती थी?

**घ)** सांप को कौन पकड़ कर ले गया?

**प्रश्न 7.नीचे दिए शब्दों के वर्ण विच्छेद कीजिए।** **(4)**

मोती, बिखरे, कविता, जुगनू

**प्रश्न 8. नीचे दिए शब्दों को वर्णमाला क्रम में लिखें।** **(5)**

चेहरा, मजदूर, कोशिश , बिस्तर, किताब)

_________ _________ _________ _________ _________ _________

**प्रश्न 9.सही उत्तर चुनकर (✓) लगाइए।** **(5)**

1. पंडित शादीराम कितने रुपए बचा पाए?
   नब्बे ( ) अस्सी ( ) सौ ( )
2. कवि अंजलि में भरकर क्या ले जाना चाहता है?
   हीरे ( ) रत्न ( ) ओस कण ( )
3. कवि ने मोती की लड़ियां किसे कहा है?
   हरी घास को ( ) ओस कणों को ( ) जुगनू की कतार को ( )
4. राम किसके कारण बाहर गया था?
   अहंकार के कारण ( ) कुसंगति के कारण ( ) लालच के कारण ( )
5. राम के रोने का क्या कारण था?
   अपमानित होना ( ) पश्चाताप ( ) गुस्सा होना ( )

***ALL THE BEST***